जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 60 | अंक-48 | जयपुर, सोमवार, 23 दिसम्बर, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

पुष्पा 2 द रूल फिल्म के खिलाफ चौमूं में फूटा गुस्सा

## फिल्म से चौमूं शब्द हटाने की उठी मांग, फिल्म मेकर के खिलाफ़ कानूनी कार्यवाही की चेतावनी

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं वासियों ने पुष्पा-2 द रूल फिल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है । अपने मान सम्मान को लेकर आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने नगर परिषद गेट के सामने पुष्पा-2 फिल्म का बायकाट करने के नारे लगाते हुऐ निर्माता सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। फिल्म निर्माता-अभिनेता को चेतावनी दी गयी कि सार्वजनिक रूप से चौमूंवासियों से माफ़ी मांगी जाए अन्यथा कानूनी कार्यवाही हेतु तैयार रहें ।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि हाल ही दिसंबर माह में रिलीज हुई पुष्पा-2 द रूल फिल्म में चौमूं शब्द को अपमानजनक रूप में प्रयोग किया गया है। फिल्म में अभिनेता अल्लू अर्जुन द्वारा चौमूं शब्द प्रयोग उपहास का विषय बनाकर एक बार ही नहीं बल्कि तीन बार एक मूर्ख व्यक्ति के रूप में दर्शाया गया है, जिससे पूरे चौमूं निवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है ।

गौरतलब है कि चौमूं जयपुर जिले की एक तहसील और विधानसभा क्षेत्र है, जो ऐतिहासिक रूप से अपनी खास पहचान रखती है। इतिहासकारों के अनुसार चौमूं शहर की स्थापना जयपुर शहर की स्थापना से भी 133 वर्ष पूर्व सन 1595 में राजा करणसिंह द्वारा की गई थी। शहर के परकोटे के चार मुख्य दरवाजे होने की विशेषता के कारण इसका चौमुंहा नाम रखा गया। बाद में यह चौमूं के नाम से प्रसिद्ध हुआ।



### प्रदर्शनकारियों की मांग

प्रदर्शनकारियों ने सेंसर बोर्ड से मांग की है कि पुष्पा-2 द रूल फिल्म से चौमूं शब्द को हटाया जाए । भविष्य में किसी भी फिल्म, सीरियल, वेब सीरीज, वीडियो एल्बम में चौमूं शब्द को उपहास व अपमानजनक स्थिति में दर्शाने पर पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाए और प्रसारण हेतु स्वीकृती प्रदान नहीं की जाए।

चौमूं शहर मीठे पानी की सब्जियां, दूध, बर्फी-नमकीन के उत्पादन, पर्यटन और देवस्थानों के कारण देश ही नहीं विदेश में भी प्रसिद्ध है। साथ ही वर्तमान में स्वास्थ्य, शिक्षा और राजनीतिक दृष्टि से भी पूरे राजस्थान में विशेष महत्व रखता है।

इस दौरान गौरक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत, अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंन्द्राचार्य, साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, एडवोकेट राजेश गोरा, जन सेवक रविकांत शर्मा, विराज फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, सर्व समाज जागृति संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, राजकुमार शर्मा, कैप्टन श्रीराम शर्मा, कैलाश चाँदोलिया,कैलाश तिवाड़ी, गोविंद पारीक, सैनी-सा के फाउंडर सी ए हीरालाल सैनी, बीएल सैनी, डॉ. हरीवल्लभ सैनी, पूर्व पार्षद बलदेव टांक, कानाराम चौधरी, सत्य प्रकाश पारीक, लोकेश डेनवाल, बनवारी लाल शर्मा, रीडर ओम प्रकाश शर्मा, सुभाष सैनी सहित सभी चौमूंवासी मौजूद रहे।



## आशा क्रिएशंस फैशन स्टोर का हुआ भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के उप जिला अस्पताल के पीछे ग्वारियों की मोरी, महिंद्रा कॉम्पलेक्स में आशा क्रिएशंस फैशन स्टोर का भव्य शुभारंभ हुआ । समाजसेवी गुंजन शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया । इससे पूर्व पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की गई ।

मुख्य अतिथि समाज सेवी गुंजन शर्मा ने कहा कि सर्दियों का मौसम चल रहा है और बचाव के लिए वूलन से बढ़िया कोई कपड़े नहीं हैं । चौमूं जैसे शहर में फैक्ट्री रेट पर कपड़े मिल रहे हैं जो बड़ी खुशी की बात है। एक बार शॉप का विजिट जरूर करें। संचालक राजकुमार शर्मा और प्रतीक शर्मा ने बताया कि हमारे यहां पर महिलाओं और गर्ल्स के लिए सभी प्रकार के वूलंस के कपड़े उपलब्ध हैं । जिसमें लॉन्ग कोट शॉर्ट कोट, वूलन टॉप्स, मफलर, ग्लव्स अच्छी क्वालिटी के उपलब्ध हैं,जो फैक्ट्री रेट पर ग्राहकों को उपलब्ध करवाए जाएंग। शुभारंभ पर मिस्त्री शिम्भू सैनी, डीके कुमावत, रतनलाल कुमावत, ओम प्रकाश कुमावत, धर्मेंद्र सैनी, रमेश चंद सैनी, डॉ. कृष्ण मुरारी शर्मा, डॉ. एमएल जांगिड़, मिस्त्री प्रहलाद सैनी, किशन सिंह निर्वाण, सुरेंद्र जाट, दीपक शर्मा, राजू सैनी, राकेश चौधरी, सुनीता शर्मा, सुधा और रितु देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कार्यकारिणी सदस्य बनने पर एडवोकेट रामस्वरूप सैनी का हुआ स्वागत



**जयपुर (हमारा वतन)।** अभी हाल ही में संपन्न हुए दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य पद पर मुरलीपुरा जयपुर निवासी एडवोकेट रामस्वरूप सैनी विजयी रहे। एडवोकेट रामस्वरूप सैनी के जीत हासिल करने पर अधिवक्ता बंधुओं ओर समाज बंधुओं ने माला पहनाकर स्वागत किया और जीत की बधाई दी।



## भविष्यवक्ता रविंद्र आचार्य और गौरक्षक शेर सिंह कुमावत का हुआ सम्मान

**सीकर (हमारा वतन)।** सीकर जिले के एक निजी गार्डन में आयोजित सम्मान समारोह में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा सटीक भविष्यवाणियों और ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का सम्मान किया गया।



वहीं 14 वर्षों से निराश्रित गोवंश की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले गौरक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष और पशु क्रूरता निवारण समिति के निर्वाचित सदस्य शेर सिंह कुमावत का भी माला और मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया। चौमूं निवासी दोनों ही हस्तियों को एक साथ सम्मान मिलने पर क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

Khadi India



# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024-25

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर
(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

21 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ

प्रवेश निःशुल्क

समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50% की छूट

परप्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

# 15वें भरत मुनि सम्मान समारोह में सम्मानित हुए सूर्य कृष्णमूर्ति



**भुवनेश्वर (हमारा वतन)।** ओडिशा की पुरानी ओडिसी नृत्य अनुष्ठान कलिंगायन त्योत्रिकम नृत्य अनुष्ठान की तरफ से 15वें भरत मुनि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के रविन्द्र मंडप में कार्यक्रम आयोजित किया गया । दो दिवसीय 15वें भरत मुनि सम्मान समारोह के अंतिम दिन भरत मुनि सम्मान से विशिष्ठ निदेशक, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सूर्य कृष्णमूर्ति सम्मानित हुए । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रदूत ओर अनुष्ठान के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ मिश्र और पद्मश्री पुरस्कार विजेता, इटालियन ओडिसी नृत्य शिल्पी इलियाना सिटारिस्टी ने पुरस्कार प्रदान किया ।

कलिंगायन टूर्यात्रिकम ओडिशा स्थित एक संगठन है, जिसकी स्थापना 2004 में भुवनेश्वर के मंदिर शहर में हुई थी और इसे 2007 में पंजीकृत किया गया था, जिसका एकमात्र उद्देश्य वैश्विक मंच पर भारत की कला, विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देना है। संगठन में 200 से अधिक छात्र हैं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मंचों पर प्रदर्शन करते हैं। वर्तमान में गुरु पुष्पिता मिश्रा संगठन की मार्गदर्शक हैं।

# प्रिन्स एजुकेशन ग्रुप में हुआ खेल सप्ताह का शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)।** अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखना होगा और इसके लिए जरूरी है बच्चों के शारीरिक क्षमता को बढ़ाना। रख हौसला बुलंद तेरी उड़ान होगी एक दिन तेरी अपनी खुद की पहचान होगी इसी नई पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रिन्स एजुकेशन ग्रुप की ओर से खेल सप्ताह का शुभारम्भ प्रिन्स एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी द्वारा किया गया।



इसमें सभी प्रकार के खेल खो-खो, बैडमिंटन, डिस्क थ्रो, कबड्डी के साथ अनेक प्रकार के खेलो को शामिल किया गया है। जिसका मंच संचालन अनिल कुमार के द्वारा किया गया। प्रिन्स कॉलेज के को-ऑर्डिनेटर डॉ. राजेश गौड़ ने भी बच्चों के पाठ्यक्रम के अंतर्गत अधिगम एवं सर्वांगीण विकास हेतु भी खेल अतिआवश्यक है। इसी दौरान प्रिन्स इंटरनेशन स्कूल के प्रिंसिपल ओ पी पारीक एवं प्रिंस करियर इंस्टीट्यूट के एकेडमिक हेड राजवीर पिपलौदा ने भी खेलो का जीवन में महत्व के बारे में भी बताया।

# डॉ. दौलत राम माल्या व संतोष मीरवाल मिथिला ग्लोबल अवार्ड से हुए सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** मधुबनी बिहार में अयाची नगर युवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित ग्लोबल यूथ कानक्लेव व मिथिला ग्लोबल अवार्ड समारोह में राजस्थान राज्य से समाजसेवी आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या व संतोष कुमार मीरवाल को मिथिला ग्लोबल अवार्ड से नवाजा गया । यह सम्मान मुख्य अतिथि पद्मश्री शिवन पासवान ने भेंट किया । इस अवार्ड के लिए प्रत्येक राज्य से एक व्यक्ति का चयन किया गया और राजस्थान से डॉ. माल्या व मीरवाल को चुना गया । समारोह में देशभर से कुल 15 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।




गौरतलब है कि डॉ. माल्या मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हैं और संतोष कुमार मीरवाल वुमन पावर सोशलिटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक हैं । उत्कृष्ट सामाजिक कार्यो के लिए डॉ. माल्या व मीरवाल को इससे पूर्व भी अनेक संस्थाएँ सम्मानित कर चुकी है ।

# साईं मंदिर में हुआ कन्या प्रसादी का आयोजन, ब्लड डोनेशन कैंप के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन हुआ। मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने साईं बाबा की मनमोहक झांकी सजाई और पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोग लगाकर कन्या प्रसादी का शुभारंभ किया। कन्या प्रसादी का आयोजन साई भक्त स्वर्गीय रामचरण सर्राफ के परिवार द्वारा किया गया। वहीं 2 जनवरी को मोरीजा रोड स्थित जाग्रति हॉस्पिटल में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।




इस दौरान डॉ. हरिवल्लभ सैनी, बाबूलाल पुजारी, श्रवण, विमल शर्मा, कमलेश, शैतान सैनी, आशुतोष शर्मा, महेश बावरिया, डॉ. सी.एम. सैनी एवं महिला शक्ति उपस्थित रही ।

(कविता)

## ऐसा भी इंसान

लाख राखिया हथेली पे,
फिर भी इंसान मेरो होय ना ।
सत्य कहूं कृष्ण तेरे सिवा मेरो कोई ना ।।
खुद ने फोड़ खुद ने कोई चाखे ना ।
दूसरा की कमियां निकाले
बिना कोई रुके ना।।
झूठा प्रेम में लोग डुब रिया।
मोह माया रे पीछे घूम रिया ।।
सही रास्तों जाऊं बताबा सुने ना कोई।
कोरो ज्ञान समझ केवे,थारो ज्ञान ना दे,
वरना मुझसे बुरो ना कोई।।
जिस पर कृपा पड़े कृष्ण
की वो शांत सरल बन जावे।
जिसकी श्रद्धा ना होवे उसपे
वो मूर्ख बनियों रह जावे।।
अजीब से लोग हैं काम बने
तो राम मिल जावे।
काम न बने तो राम पर
विश्वास उठ जावे।।
लोग बाण रूपी शब्द का तीर फेंके।
और दूसरा की बुरायां में
खुद को दिमाग है सेंके।।



पूजा गाड़ियां लोहार, पिपल्या




# डॉक्टर राकेश शर्मा अटल सेवा श्री अलंकरण 2024 से हुए सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच जयपुर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती महोत्सव का शुभारंभ 16 दिसंबर को भारत नेपाल संस्कृति सम्मेलन द्वारा जयपुर स्थित रतन बाग गार्डन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि करण साहू कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश सरकार रहे । अध्यक्षता गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाइंस जयपुर ने की । विशेष अतिथि पंडित रामकृष्ण शर्मा पूर्व सांसद भरतपुर,विशिष्ट अतिथि रमा चोपड़ा जिला प्रमुख जयपुर , तुलसीदास त्रिलोकानी सिंधी सेंट्रल एसोसिएशन जयपुर , घनश्याम सिंह प्रधान संपादक जयपुर ब्यूरो राजस्थान, युवराज आचार्य महासचिव इंडो नेपाल पीस फाउंडेशन नेपाल तथा महावीर प्रसाद टोरड़ी विशिष्ट सलाहकार प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय चौमूं के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा को अटल सेवा श्री अलंकरण से सम्मानित किया गया।

# रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई) कड़ी 14



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस समस्त सृष्टि की श्वांस हैं !
सारे जगत के हैं!
जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम और कृष्ण पर लेखनी चलाई है।
उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में , आज के युग में इकराम राजस्थानी राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

**प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक**

66. हम जनता का थामते,कभी न दुख में हाथ !
जन जन का संकट हरे, सदा राम रघुनाथ !!
67. छोटा भाई कर रहा,आज बड़े पर केस !
लक्ष्मण खुद को मानता,भरा है मन में द्वेष !!
68. सरे आम होता यहां,दलितों पर अन्याय!
तुम भी देखो न रामजी,अब भारत में आय !!
69. नारी की लज्जा यहां, लुटती भरे बजार !
पग पग पर रावण यहां, रोज़ भरे हुंकार !!
70. मर्यादाओं का यहां, क्या होगा अंजाम?
रावण के पुतले जहां,बेच रहा हो राम !!



इकराम राजस्थानी

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. यूपीएससी, पद सीडीएस, पद संख्या 457, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
2. राजस्थान आयुर्वेद, पद कंपाउंडर / नर्स जूनियर, पद संख्या 740, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025
3. यूपीएससी, पद एनडीए, पद संख्या 406, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
4. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 336, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
5. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 275, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2024
6. आरएसएमएसएसबी, पद सर्वेयर एवं माइंस फोरमैन, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 16 जनवरी 2025
7. आरपीएससी, पद अध्यापक सेकंड ग्रेड, पद संख्या 2129, अंतिम तिथि 24 जनवरी 2025
8. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 13735, अंतिम तिथि 7 जनवरी 2025

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# महत्वपूर्ण फैसलों से बदलती राजस्थान की तस्वीर

संशोधित पीकेसी योजना के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू

शेखावाटी अंचल को बहुप्रतीक्षित यमुना जल उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान, हरियाणा और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू

ऊर्जा क्षेत्र में केंद्रीय पीएसयू के साथ 2.24 लाख करोड़ के एमओयू

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 38,447 आवास पूर्ण 1 लाख 55 हजार नए आवासों की स्वीकृति

पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 20 हजार रूफटॉप सोलर संयत्र स्थापित

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 30,297 आवास पूर्ण, 30,408 नए आवासों की स्वीकृति

लगभग 96 हजार कृषि कनेक्शन और 4 लाख 64 हजार घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी

श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत 8 रूपये में भरपेट भोजन, प्रति थाली सरकार की तरफ से 22 रुपये का अनुदान

किसान सम्मान निधि में 70 लाख से अधिक कृषकों को 5500 करोड़ रुपये से अधिक राशि हस्तान्तरित

लगभग 26 हजार सोलर पम्प सेट की स्थापना के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये का अनुदान

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं मा वाउचर योजना प्रारम्भ

5 नये मेडिकल कॉलेज बारां, बांसवाड़ा, नागौर, झुन्झुनूं एवं सवाई माधोपुर में प्रारम्भ

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एम.ओ.यू.

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे रोपित

सड़क निर्माण पर लगभग 15000 करोड़ रुपये व्यय

43000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां

10.22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, 5257 करोड़ रुपये व्यय

एमजेएसए 2.0 में 5000 गाँवों में 1 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स कार्य

राजस्थान संवाद

## दस नवीन नीतियां

- राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना
- राजस्थान मिनरल पॉलिसी
- राजस्थान एम-सेण्ड पॉलिसी
- राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी
- इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी
- राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी
- राजस्थान एक जिला-एक उत्पाद नीति
- इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट स्कीम
- राजस्थान एक्पोर्ट प्रमोशन पॉलिसी
- राजस्थान ट्यूरिज्म यूनिट पॉलिसी

निभाई जिम्मेदारी, हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है एक देश एक चुनाव में!



राम गोपाल सैनी

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में एक देश-एक चुनाव का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफ़ी हाद थे कम किया जा सके । चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।एक देश-एक चुनाव के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं। जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।



राज्यपाल ने मुम्बई में अखिल भारतीय पश्चिम क्षेत्र कुलपति सम्मेलन का शुभारंभ किया

## शिक्षा ऐसी दी जाए जिससे विद्यार्थी यांत्रिक निपुणता की बजाय जीवन-कौशल से जुड़ सके : राज्यपाल



जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में पारम्परिक भारतीय ज्ञान के प्रकाश में शिक्षा का इस तरह से प्रसार किया जाए कि विद्यार्थी उससे यांत्रिक निपुणता की बजाय जीवन-कौशल से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आचार्य विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करें तो पाठ्यक्रम के साथ–साथ जीवन व्यवहार से भी उन्हें जोड़ें ताकि उनकी दृष्टि का विस्तार हो सके। उन्होंने शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने, उनमें नैतिकता का प्रसार करने, देश के प्रति प्रेम बढ़ाने और आदर्श नागरिक बनाने की दिशा में कार्य होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालयों का बेहतर नेतृत्व करने और भारत को विश्व की ज्ञान महाशक्ति बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल बागडे शुक्रवार को नवी मुम्बई में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय पश्चिम क्षेत्र कुलपति सम्मेलन' में संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और गोवा के कुलपति भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वह स्थान है, जहां से ज्ञान के बीज अंकुरित होते हैं। यहीं से हमारी युवा पीढ़ी भविष्य में कुछ बनने के स्वपन्न संजोती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को देश में आमूलचूल परिवर्तन करने वाली बताते हुए कहा कि इसमें भारतीयता और 'राष्ट्र प्रथम' को सर्वोच्च महत्व दिया गया है। इसमें विद्यार्थी को अपनी मातृभाषा मे शिक्षा मिले, ऐसा प्रावधान रखा गया है। इसमें शिक्षा के जरिए समाज के उत्थान एवं परिवर्तन के लिए कार्य करने पर जोर दिया गया है। बागडे ने विश्वविद्यालयों में रोचक उदाहरण युक्त कहानी, कहावत आदि भावनाप्रधान दृष्टि से शिक्षा प्रदान करने, छात्र को हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार करने, विश्वविद्यालय परिसर स्वच्छ और आकर्षण बनाए रखने आदि के सुझाव भी दिए।

## अभिषेक सैनी बने राजस्थान प्र्रदेश माली सैनी महासभा के महामंत्री



**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान प्रदेश माली(सैनी) महासभा के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूल वाले ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें पूर्व में जयपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रहे चौमूं निवासी अभिषेक सैनी को महासभा का महामंत्री बनाया गया। इस अवसर पर चौमूं के सैनी समाज में हर्ष व्याप्त हुआ और समाज के पदाधिकारियों ने अभिषेक सैनी को बधाई दी और शुभकामनाएं प्रेषित की । बधाई देने वालों में माली समाज विकास समिति चौमूं के अध्यक्ष घीसालाल तंवर, पूर्व अध्यक्ष सूरजमल सैनी ठेकेदार,राधेश्याम तंवर, प्रहलाद अधोपिया,दिनेश तिगरिया, मदन जादम,सायर सैनी, दीपक सैनी, मदन मोहन सैनी सहित अनेक समाज बंधुओ ने शुभकामनाएं दी।

(कविता)

## नव वर्ष यह मंगल आया

नव वर्ष यह मंगल आया,
नूतन सौगातें भी लाया
नव संकल्पों की बेला यह,
सबके मन को भी हर्षाया।
नववर्ष यह मंगल आया ।।
नव वर्ष का नवल प्रभाकर,
समझाता है हमको आ कर
सीखेंगे हम कुछ अतीत से,
बीते कल की कुछ रीत से।
नव सूरज ने आकर देखो,
जन गण मन को यह समझाया।
भूले हम अतीत का साया।
नई किरणें, अब नई रोशनी,
नई उमंग, उत्साह जगाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।
नव वर्ष के नव प्रभात में
अब तो केवल नई बात हो।
चमकीला हर दिन हो अपना,
और खुशियों से भरी रात हो।
ख़्वाब सुनहरे कितने सुंदर संग में
अपने देखो लाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।
सद्भावों का सफर रहे अब,
उम्मीदों की डगर रहे अब।
कर्मनिष्ठ यह जीवन अपना,
बस मंज़िल पर नज़र रहे अब।
सबका मंगल हो इस जग में,
सोच यही इस मन को भाया।
नव बहार जग में फैलाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।
नव वर्ष में नई शपथ हो,
सुंदरतम अपना हर पथ हो।
दूर गमों को अब करना है,
खुशियों का अब केवल रथ हो।
सत्कर्मों का लक्ष्य रहे बस,
एक नदी सा बस बहना है।
नहीं मुसीबत से घबराएँ,
हिम्मत से जग ने सब पाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।
श्रम से जी न कभी चुराएं,
सुंदरतम इतिहास बनाएँ।
अपने पथ से कभी न भटकें,
आगे आगे बढ़ते जाएँ।
जिसका हो संकल्प जगत में,
उसने ही तो सब कुछ पाया।
नव वर्ष यह मंगल आया।।

\-डॉ.योगिता शर्मा,
जयपुर






## (कविता) अटल

विशाल हृदय सम्राट जनमानस के प्यारे
काव्य शिखर कवि कुल के सूर्य चंद्र सितारे
गौरव थे माँ भारती के भारत रत्न हमारे
चमक रहे हैं व्योम पटल पर ज्यों चंदा ज्यों तारे
थे अटल अविचल महान् नील गगन के ध्रुवतारे
देश जिन्हें प्राणों से प्यारा वह जनता के राज दुलारे
टकरा जाए चट्टानों से अटल थे नेक इरादे
मुख पर तेज सत्य का सदा मुसकाते
राजनीतिज्ञ भीष्म पितामह कहकर उन्हें बुलाते
ऐसे अटल बिहारी जिनके प्रतिस्पर्धी भी गुण गाते
भारत भू का परचम विश्व पटल पर लहराया
करगिल की चट्टानों पर भी तिरंगा फहराया
सारे जहां को लोहा भारत का मनवाया
ऐसे थे भारत रत्न बिहारी गान युगों ने गाया
गूंज रहा है नाम अटल का देश और विदेश में
अटल रहेगा नाम अटल का युग युग तक मेरे देश में



\-विनोद शर्मा वेणु
जोगबनी,बिहार

## सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया में सब कोई सुरक्षित : सीएम योगी

अयोध्या (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।

RNI No. 10311/1965 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512 उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759 सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।